दिनांक 22.05.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम क्षेत्र में वर्षाऋतु को ध्यान मे रखते हुए नहर-नालियो का सफाई अभियान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बरसाती पानी के बहाव के लिए बनाये गये छोटे बड़े नहर, नालियो एवं तालाबो की सफाई सभी जोन क्षेत्र में वृहद स्तर पर कराया जा रहा है, जिससे बरसाती पानी का बहाव ठीक ढंग से सके। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम के अधिकारी कर्मचारियो को निर्देश दिये है कि आगामी वर्षाऋतु में बरसाती पानी का जमाव न हो तथा नागरिको को कोई असुविधा न हो इसके लिए भिलाई शहर के छोटे बड़े नहर, नालियो एवं तालाबो की सफाई का कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। निगम के नेहरू नगर, वैशालीनगर, मदर टेरेसा नगर, खुर्सीपार के जोन आयुक्त अपने अपने क्षेत्रो के नहर, नालियो एवं तालाबो का बरसात पूर्व सघन सफाई हो सके, नाली की सफाई मेनुअल जे.सी.बी. द्वारा, गहरे नालो की सफाई चैन माउंटिंग द्वारा किया जा रहा है। इस बात का ध्यान दिया जा रहा है कि जो भी कचरा एकत्रित हो उसे उसी दिन हटा लिया जावे। जिससे आम नागरिको को परेशानी न हो। जिससे बरसाती पानी अथवा तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहने वाले पानी का जल जमाव न हो। निचली बस्तीयो मंे बरसात का पानी न भरे तथा जल जमाव से होने वाले बिमारी जैसे डायरिया, पीलिया, मलेरिया न फैसे। साथ ही घनी आबादी क्षेत्र में मच्छर की रोकथाम के लिए मेलाथियान एवं धुएॅ का छिड़काव भी किया जा रहा है तथा गढ़ढे में जमे पानी पर जला आईल का छिड़काव भी किया जा रहा है। **सफाई अभियान में काम कर रहे कर्मचारियों की का कहना है कि हम लोग नालियों की सफाई करके आते हैं स्थानीय निवासियों द्वारा उसमें दोबारा कचरा डाल दिया जाता है आयुक्त नगर निगम भिलाई में सभी नागरिकों से सहयोग हेतु अपील की है कि नालियों में कचरा मत डालें कचरे को अलग-अलग गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग करके रोज सुबह आने वाले रिक्शा वाले सफाई की सफाई कर्मचारी को देवें गीले कचरे से खाद बन जाएगा सूखे कचरे का करके उपयोग किया जा सकता है** आयुक्त श्री ध्रुव एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा स्वयं प्रतिदिन मैदानी क्षेत्रो में भ्रमण कर सफाई किये जा रहे क्षेत्रो का मानिटरिंग कर रहे तथा आवश्यकतानुसार दिशा निर्देश भी दे रहे है कि किस प्रकार सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चले।